तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 6 सितंबर 2025

4 ईद मिलादुन्नबी पर जामा मस्जिद में हुई परचम कुशाई

2 तांदुला का जल स्टर घटने का इंतजार कर रहे क्षेत्रवासी




## खबर संक्षेप

### वेटलिफ्टिंग स्पर्धा के लिए आत्मानंद के 10 छात्रों का चयन



**बालोद।** 25 वीं शालेय राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता 4 से 7 सितंबर तक पाटन दुर्ग में आयोजित की जा रही है। इसमें पीएमश्री सेजेस भारती विद्यालय के 71 किलोग्राम भार वर्ग में नोवलदास साहू, 79 किलोग्राम भार वर्ग में रोहन खिलरिया सेजेस कन्या स्कूल से 58 किलोग्राम भार वर्ग में श्वेता देवांगन, 69 किलोग्राम भार वर्ग में देवीका देशमुख और प्रिय दर्शनी पब्लिक स्कूल से 48 किलोग्राम भार वर्ग में चंन्द्रहासिनी पाटिल का चयन हुआ है। ये सभी 5 खिलाड़ी 19 वर्ष आयु वर्ग में भाग ले रहे हैं। साथ ही 10 बच्चों का चयन बालोद में आयोजित होने वाले ओपन स्टेट के लिए हुआ है जो 12 से 14 सितंबर को आयोजित होगी।

### मायके से बंटवारा लाने की मांग पर पति ने की पत्नी की पिटाई

**बालोद।** पत्नी को अपने मायके से बटवारा दिलाने की बात को लेकर पति ने पत्नी की पिटाई कर दी, इसके बाद पत्नी ने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज करायी है। वार्ड नं. 12 गुण्डरदेही निवासी वर्षा सोनकर ने पुलिस को बताया कि शाम को मैं घर पर थी तो मेरा पति पीताम्बर सोनकर मुझे अपनी माता-पिता से मुझे बटवारा दिलाओ कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का से मारपीट किया। इससे मेरे दाहिने हाथ, पीठ में एवं बाल खींचने पर दर्द हो रहा है।

### उधारी की रकम मांगा तो दो युवकों ने की पिटाई

**बालोद।** रात को नींद ना आने पर रेल्वे स्टेशन के पास घुम रहे शख्स ने एक व्यक्ति को अपनी पुरानी उधारी रकम की मांग की तो उक्त व्यक्ति व उसके दोस्त ने व्यक्ति की पिटाई कर दी गई। इसके बाद पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। वार्ड 25 निवासी चंद्रशेखर पीपरे ने पुलिस को बताया कि रात्री करीबन 12.30 बजे नींद नहीं आने से रेल्वे स्टेशन राजहरा की ओर टहलने गया था और उसी समय मेरे ही मोहल्ले के रंजीत सिंह उर्फ रज्जे और रॉबिन भी मोटर सायकिल से आये और मुझे देख कर वहीं रूक गये और बातचीत कर रहे थे। बातचीत दौरान मैने पूर्व में रंजीत को 15 हजार उधार में दिया था उसे थोड़ा-थोड़ा करके दे देने बोला। इस पर रंजीत उर्फ रज्जे और राबिन ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया, जिससे मेरे दोनों गाल, मस्तक, पीठ में चोट आयी है, मारपीट से बच कर मैं वहा से भागकर अमरजीत, सुभम को जगाकर घटना की जानकारी दी।

दिवस : जिला स्तरीय शिक्षा गौरव अलंकरण एवं शिक्षक सम्मान समारोह में शामिल हुए विधायक और जनप्रतिनिधि

# राष्ट्र एवं समाज निर्माण में शिक्षकों का योगदान अतुलनीय





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन एवं शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को स्वामी आत्मानंद उअंग्रेजी माध्यम विद्यालय आमापारा बालोद में जिला स्तरीय शिक्षा गौरव अलंकरण एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ रजत जयंती के महोत्सव के अवसर पर आयोजित शिक्षा गौरव अलंकरण एवं सम्मान समारोह पर अतिथियों द्वारा जिले में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों के अलावा जिला स्तर पर ज्ञानदीप पुरस्कार एवं विकासखण्ड स्तर पर 'शिक्षा दूत' पुरस्कार के लिये चयनित शिक्षकों सहित आज जिले के 318 शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

उल्लेखनिय है कि आयोजित समारोह में शिक्षादूत पुरस्कार के लिए 3–3 प्रत्येक विकासखंड के प्राथमिक शाला के 3–3 शिक्षकों के अलावा ज्ञानदीप पुरस्कार हेतु पूरे जिले के 3 शिक्षकों सहित जिले के उत्कृष्ट 1–1 प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल तथा हायर सेकेण्डरी विद्यालयों को



भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी सम्मानित शिक्षकों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

समारोह में संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा, गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी, जिला शिक्षा अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा वरिष्ठ अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में शिक्षक–शिक्षिकागण और छात्र–छात्राएं उपस्थित थे। समारोह में उपस्थित अतिथियों एवं वक्ताओं ने आयोजन की भूरि–भूरि सराहना करते हुऐ राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में शिक्षकों के योगदान को अतुलनीय बताया।

कार्यक्रम विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा शिक्षकों के कार्य एवं समाज के प्रति उनके योदान के फलस्वरूप हम सभी शिक्षक को अपना सबसे बड़ा आदर्श मानते हैं। शिक्षक केवल कक्षा तक सीमित नहीं होता बल्कि वह एक अच्छा मार्गदर्शक एवं सलाहाकार भी होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को बच्चों के पढ़ाई के साथ–साथ उन्हें नैतिक एवं सांस्कृतिक शिक्षा प्रदान करने के साथ–साथ उनके शारीरिक, मानसिक विकास के लिऐ खेल–कुद एवं अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। जिससे जिले के बच्चे आने वाले समय में पढ़ाई–लिखाई के साथ–साथ खेलकूद एवं अन्य क्षेत्रें में भी अपने जिले का नाम रोशन कर सके। उन्होंने कहा कि बच्चों की सफलता में शिक्षक का महत्वपूर्ण योगदान होता है। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि आज उनकी सफलता में उन्हें बचपन में पढ़ाए गए शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं उनका व्यक्तित्व निर्माण करने में शिक्षकों का महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिला पंचायत की अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने कहा कि शिक्षक छात्रों को सही राह दिखाकर उनमें शैक्षणिक, बौद्धिक, नैतिक मूल्यों का विकास करते हैं। जिसके माध्यम से सभ्य समाज का निर्माण होता है। ▸▸| शेष पेज 02 पर

## शिक्षक ज्ञान, परिश्रम और संस्कारों से गढ़ते हैं छात्रों का भविष्य

**बालोद।** देश के द्वितीय राष्ट्रपति भारत रत्न से सम्मानित डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन के जन्मजयंती पर आयोजित किए जाने वाले शिक्षक दिवस पर गुण्डरदेही के मुखर्जी भवन चैनगंज में देव कम्प्यूटर एजुकेशन सोसायटी द्वारा शिक्षक दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर थीं। अध्यक्षता जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. लीना साहू ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, पशु चिकित्सा शतक शल्यज्ञ डॉ. मौसमी यादव, सेवानिवृत्त शिक्षक जेआर साहू, कवि गजपति राम साहू शामिल हुए। मुख्य अतिथि जिला



पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि शिक्षक समाज में गुरु स्वरूप होते हैं, जिनका योगदान सदैव स्मरणीय रहता है। उन्होंने देश के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन के जीवन वृत्त का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षक का स्वरूप दीपक की तरह होता है जो अपने ज्ञान, परिश्रम और संस्कारों से विद्यार्थियों के जीवन को आलोकित करते हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में भी शिक्षक का स्थान सर्वोपरि है और शिक्षक जितना उत्कृष्ट कार्य करेंगे, समाज को उतने ही बेहतर विद्यार्थी मिलेंगे। शिक्षा ही एक छात्र को भविष्य के सपने सजोने का अवसर देता है। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया व अन्य प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं व शिक्षक उपस्थित थे।

## भालूकोन्हा स्कूल की शिक्षिका निलंबित



हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

ग्राम भालुकोन्हा के प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षिका किरण ठाकुर के खिलाफ ग्रामवासियों द्वारा लगातार शिकायतें की जा रही थी। ग्रामीणों का आरोप था कि शिक्षिका द्वारा बच्चों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है, उन्हें हाथ-पैर दबाने के लिए बाध्य किया जाता है तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है।

- स्कूल में तालाबंदी की चेतावनी के बाद बीईओ ने की कार्रवाई

यह मामला वर्षों से चल रहा था, लेकिन कोई भी बच्चा अपने अभिभावक को जानकारी देने की हिम्मत नहीं कर रहे थे। एकाएक जानकारी होने पर मामला खुला। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में जानकारी होने के बाद वे डेढ़ माह से दो तीन बार शिकायत दर्ज करा चुके थे, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से वे आक्रोशित थे। आखिरकार 3 सितंबर को ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से बीईओ कार्यालय पहुंचकर आवेदन सौंपा, जिसमें जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम, ब्लॉक ▸▸| शेष पेज 02 पर

## छात्रों से पैसे मांगने और अनियमितता के आरोप में प्रधानपाठक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जंजगिरी, अण्डा जिला दुर्ग के प्रधान पाठक चंद्रकांत गजेन्द्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन पर छात्रों से पैसे वसूलने, विद्यालय में अनियमित उपस्थिति और अध्यापन में रुचि न लेने जैसे गंभीर आरोप हैं। यह कार्रवाई आयुक्त दुर्ग संभाग द्वारा ग्राम जंजगिरी निवासी तीखेश द्वारा भेजी गई शिकायत की जांच के बाद की गई है। शिकायत में कहा गया था कि प्रधान पाठक समय पर स्कूल नहीं आते और न ही बच्चों को पढ़ाते हैं। इसके अलावा उन पर कई अन्य आरोप भी लगाए गए थे, जिनमें मध्यान्ह भोजन संचालक स्व-सहायता समूह से पैसे उगाही करने और स्कूल का फर्नीचर घर ले जाने का आरोप शामिल है। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए, आयुक्त दुर्ग संभाग ने मामले की जांच एक सहायक संचालक से करवाई।



जांच रिपोर्ट और शिक्षकों व विद्यार्थियों के बयानों से यह पुष्टि हुई कि प्रधान पाठक गजेन्द्र शाला में अनियमित रूप से उपस्थित रहते थे और किसी भी कक्षा में पढ़ाने का काम नहीं करते थे। जांच में यह भी सामने आया कि उन्होंने मध्यान्ह भोजन रसोईया से नाम जुड़वाने के लिए 2,500 की मांग की थी। इसके अलावा, उन्होंने सीसीटीवी कैमरा गलती से टूट जाने पर बच्चों के पालकों से 5000-5000 की मांग भी की थी। प्रधान पाठक के इन कृत्यों से पालक, ग्रामीण और जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश ▸▸| शेष पेज 02 पर




रैली निकाली और बर्खास्तगी की कार्रवाई का किया विरोध

# एनएचएम कर्मचारियों ने सौंपा सामूहिक इस्तीफा





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

लगातार मांगों के लिए हड़ताल कर रहे एनएचएम कर्मचारियों ने कुछ कर्मचारियों के बर्खास्तगी के विरोध में जिले के 502 कर्मचारियों ने विरोध रैली निकालते हुए सीएमएचओ कार्यालय पहुंच इस्तीफा सौंप दिया। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम कर्मचारियों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। अनिश्चितकालीन हड़ताल के 18वें दिन गुरुवार को बालोद जिले में 502 एनएचएम कर्मचारियों ने बर्खास्तगी आदेश के विरोध में सामूहिक इस्तीफा देकर बड़ा प्रदर्शन किया। दरअसल डौंडीलोहारा ब्लॉक के बीपीएम दिनेश चंद्र खर्कवाल की बर्खास्तगी के आदेश ने कर्मचारियों के बीच नाराजगी और बढ़ा दी है। दोपहर 1 बजे नया बस स्टैंड धरना स्थल से रैली निकालते हुए सैकड़ों कर्मचारी सीएमएचओ कार्यालय पहुंचे, जहां शासन के नाम सामूहिक इस्तीफा सौंपा और करीब आधे घंटे तक जमकर नारेबाजी की। संघ ने कहा ने कहा कि प्रदेशभर में पदाधिकारियों को बर्खास्त कर शासन दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन इससे आंदोलन कमजोर नहीं होगा। बल्कि इससे पूरे प्रदेश के 16 हजार से अधिक एनएचएम कर्मचारी और आक्रोशित होकर आंदोलन को और तेज करेंगे। उनका कहना है कि शासन की दमनकारी और द्वेषपूर्ण कार्रवाई से आंदोलन थमने वाला नहीं है।

## खबर संक्षेप

### चाकू दिखाकर लोगों को धमकाने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** सुपेला पुलिस ने चाकू दिखाकर लोगों को डराने धमकाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से जब्त कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि 4 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली की एक व्यक्ति आरके मैदान राधिका नगर के पास अपने पास रखे धारदार चाकू को लहराकर लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी को चाकू के साथ गिरफ्तार करने की कोशिश की तो वो भागने लगा। इसके बाद उसे घेरा बंदी करके पकड़ गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम युवराज सोनी निवासी मिनी माता चौक कृष्णा नगर सुपेला बताया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है।

### 850 हड़ताली एनएचएम कर्मियों ने दिया इस्तीफा

**भिलाई।** संविदा एनएचएम कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल ने 18 वें दिन गुरुवार को अजब-गजब मोड़ ले लिया। छत्तीसगढ़ प्रदेश के 33 जिलों में 25 जिलों के एनएचएम अध्यक्ष को बर्खास्त कर दिया है। इसके विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी 16000 हड़ताली कर्मियों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया। दुर्ग जिले के भी 850 संविदा एनएचएम कर्मियों ने सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी को इस्तीफा दिया है। वहीं अब कर्मी 10 मांगे छोड़कर केवल एक मांग नियमितीकरण पर अड़ गए हैं।नियमितीकरण नहीं होगा तब तक काम पर वापस नहीं लौटेंगे। हड़ताली कर्मियों का कहना है कि सरकार को हमारी कोई चिंता नहीं है। हम स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी चौबीस घंटे सेवा देते हैं। और छुट्टी के दिन भी सेवा देते हैं।और कोरोना जैसी महामारी में अपने छोटे बच्चे और परिवार को छोड़ कर अपनी जान की परवाह ना कर सेवा दी है। कुछ स्वास्थ्य विभाग के एन एच एम कर्मचारी प्रेगनेंट होकर भी कोरोना में सेवा दी है। जिसे सरकार ने भूला दी।

### कट्टा दिखाकर लूट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** पुरानी भिलाई पुलिस ने कट्टा दिखाकर लूट की घटना को अंजाम देने का प्रयास करने वाले आरोपी दीपक तिवारी गिरफ्तार किया है। नितेश जैन पता विजय ज्वेलर्स चरोदा थाना पुरानी ने थाने में लूट की घटना की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि 1 सितंबर की शाम 4.30 बजे जब वो ज्वेलर्स दुकान में बैठा था। आरोपियों ने दुकान घुसते ही थैला से पिस्तौल निकाली और घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी दीपक तिवारी निवासी टांटीबंध जनता कालोनी थाना आमानाका जिला रायपुर को टांटीबंध कब्रीस्तान के पास से गिरफ्तार किया।

### साढ़े 5 लाख रुपए की पकड़ी अवैध शराब

**दुर्ग।** आबकारी विभाग की टीम ने जिले में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए साढ़े 5 लाख रुपए से अधिक कीमत की शराब को जब्त किया है। जिला आबकारी विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक 2 सितम्बर को गश्त के दौरान आबकारी विभाग जिला दुर्ग वृत-भिलाई 2 की टीम को अवैध शराब परिवहन की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी परमजीत सिंह गिल उर्फ पम्मा निवासी स्ट्रीट 1 शांति नगर पीएस वैशाली नगर दुर्ग के कब्जे से मध्यप्रदेश राज्य की निर्मित 24 बोतल रॉयल चौलेंज विस्की, 50 पाव मेक्डावल नम्बर वन विस्की और 200 पाव गोवा सहित कुल 63 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त किया है। जब्त शराब की कीमत 52,240 रुपए बताई जा रही है।

### डोम शेड निर्माण के लिए 25 लाख स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए वैशाली नगर विधानसभा में एक कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृत प्रदान की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार वार्ड क्रमांक 32 बैकुण्ठ धाम मंदिर के पास सार्वजनिक डोम शेड निर्माण कार्य के लिए 25 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## परेशानी : पुल के अभाव में आवागमन है ठप, अभी खतरे के निशान पर बह रहा पानी

# तांदुला का जलस्तर घटने से मिली लोगों को राहत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले की जीवनदायिनी तांदुला जलाशय के छलकने से जहां हर एक ओर खुशी का माहौल है तथा जिले के लोग तांदुला जलाशय पहुंचकर प्राकृतिक दृश्य को निहार रहे हैं, वहीं जिले का एक ऐसा गांव जहां के लोग इससे मायूस है और गांव के लोग जल्द नदी में पानी कम होने की कामना करते दिख रहे हैं।

जिले में हो रही बारिश से जिले का प्रमुख तादुंला जलाशय इन दिनों अपने प्राकृतिक खुबसूरती के कारण चर्चा में बना हुआ है, जिसे देखने बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं और हर कोई इसे और अधिक दिनों तक छलकने की कामना करते दिख रहे हैं, लेकिन जिले का एक ऐसा गांव भी हैं जो तांदुला के छलकने से निराश व मायूस है। यह गांव ग्राम नेवारीकला है, जहां के लोगों को तांदुला के छलकने के कारण नदी में पुल न होने के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और ग्राम के लोग जल्द नदी में पानी कम होने की कामना करते दिख रहे हैं। जहां तांदुला के छलकने के कारण तांदुला नदी में



बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई है, जिसके कारण जो ग्रामीण नदी में पुल न होने के कारण कमर तक के पानी को पार कर जिला मुख्यालय पहुंचते थे, वे अब छाती या गले तक पानी होने के कारण नदी पार करने के जगह अन्य दूसरे मार्ग से आवागमन करने को मजबूर है। इस बीच कई ऐसे लोग है जो खेती किसानी कार्य करने के लिए तेज बहाव वाले नदी को नदी में पुल न होने के कारण मजबूरन पार करते दिख रहे हैं।

विदित हो कि नेवारीकला के लोग तांदुला नदी में पुल नहीं होने के कारण कमर तक पानी को जैसे तैसे पार कर अभी तक जिला मुख्यालय पहुंच रहे थे, लेकिन अब पानी छाती व गले तक आने के कारण नदी पार नहीं कर पा रहे हैं और दूसरे मार्ग से आवागमन कर रहे हैं, जिससे नदी में पुल नहीं होने के कारण उन्हें 7 की जगह 14 किमी का सफर तय करना पड़ रहा है और इस मार्ग में बने गड्ढों में पानी भरने के कारण बारिश में तालाब में तब्दील हो चुका है, जिसके कारण ग्रामीणों को दोनों ही ओर से पानी से दो चार होना पड़ रहा है। इस 14 किलोमीटर वाले रास्ते में नेवारीकला से टेकापार के बीच 02 किलोमीटर में 200 से भी ज्यादा गढ्ढे है, जिसमे बारिश का पानी ऐसे भर जाता है जैसे बारिश के दिनो में तालाब और सड़क तालाब में तब्दील होने के कारण पैदल चलने वाले व सायकल व दोपहिया राहगिरो को भी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। ऐसे में ग्रामीणो की समस्या और बढ़ जाती है और उन्हे दूर करने के लिए शासन प्रशासन स्तर पर कोई कार्य न होने के कारण ग्रामीणो की दिक्कते लगातार बढ़ती जा रही है।

### तांदुला पुल जर्जर, युवकों ने किया अनोखा प्रदर्शन

■ राहगिरों को फूल भेंट कर जताया विरोध

**बालोद।** जिला मुख्यालय व झलमला को जोड़ने वाली तांदुला नदी पर बना पुल इन दिनों जर्जर हो चुका है। पुल के सरिया निकल आए है, जिससे आने जाने वाले राहगिरों को दुर्घटना का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में इसे लेकर युवाओ ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पुल से आने-जाने वाले राहगिरों को फूल भेंट कर इसके प्रति विरोध जताया। पुल में जगह जगह गड्ढे निर्मित हो चुके हैं, जिससे वाहन चला रहे लोग सड़क में अचानक गड्ढा आने से अपना संतुलन खो रहे हैं। पुल में सरिया निकल आने से वाहन के पहिए पंचर होने या टायर फट जाने की शिकायतें लगातार सामने आ



रही है। इस कारण राहगिरों को नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। ऐसे में कई जागरूक युवा जो इस मार्ग से लगातार आवागमन करते हैं तथा वे पुल में निकले सरिए व गड्ढे के शिकार होते रहते हैं। उन्होंने प्रशासन तक अपनी बात पहुंचाने के लिए मार्ग में अवागमन कर रहे लोगों को फूल भेंट कर इस पुल में सजगता व आराम से आवागमन करने की सलाह राहगिरों को देते दिखे। वहीं इस पुल की मरम्मत पूर्व में कई बार की जा चुकी है, लेकिन मरम्मत करने के बावजूद पुल में पुराने गड्ढे उभर आते हैं, जिसके कारण अब मरम्मत कार्य पर भी सवाल उठने लगे हैं।

### पुल से तांदुला का प्राकृतिक नजारा निहार रहे राहगीर, कैमरे में कर रहे कैद

**बालोद।** यह नजारा जिला मुख्यालय से कुछ दूरी पर स्थित परेंगुड़ा पड़कीभाट के पास तांदुला नदी पर बने पुल का हैं, जिसमें वर्तमान में तांदुला जलाशय से छलक कर आ रहे पानी का सैलाब नदी में देखने को मिल रहा है। इस पुल से गुजरने वाले राहगिर पुल पर रूककर प्राकृतिक खुबसूरती को अपने कैमरे में कैद करते दिख रहे हैं, जहां नदी में चारों ओर पानी ही पानी दिखाई दे रहा हैं और नदी में उगे पेड़ पौधे जलमग्न हो चुके हैं। इस कारण पुल से नदी में देखने पर हरा व नीले का संगम देखने को मिलता है। जिसे देख हर किसी का मन विभोर हो उठता है। जहां सुबह के साथ शाम को सूरज की हल्की रोशनी मे पानी के चमकने व हल्दी ठंडी हवा के कारण वातावरण खुशनुमा हो गया है।



## शिक्षक दिवस पर सेवानिवृत्ति प्रधानपाठक को दी विदाई

**डौंडीलोहारा।** शिक्षक दिवस पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला परसाडीह में विदाई सह शिक्षक सम्मान समारोह हुआ। यह कार्यक्रम विद्यालय परिवार तथा ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें सेवानिवृत्त प्रधान पाठक लखन लाल सोनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में श्री बलदाऊ सिंह बेलचंदन, ग्राम सरपंच श्री गिरवर सिंह कोकिला, उपसरपंच एस. कुमार ठाकुर, लखन लाल चुरेंद्र, गंगूराम अमरिया, लूपचंद प्रधान, ग्राम प्रधान श्री गोपीराम बावरे, लीलार यादव, नारायण सहारे, देवनारायण चार्य, घासीराम चुरेंद्र, श्रीमती उर्वशी साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि श्री सोनी का शैक्षिक योगदान विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में सदैव याद किया जाएगा। इस अवसर पर



सोनी ने विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों के प्रति अपने आत्मीय विचार व्यक्त किए और सभी के सहयोग के लिए आभार जताया। उन्होंने अपने शिक्षण जीवन की यादों को साझा करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह में श्री सोनी द्वारा विद्यार्थियों और ग्रामवासियों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे गांव के लोग उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

## डॉक्टर के अभद्रता व्यवहार के खिलाफ क्रांति सेना ने किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जोहार छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना ने पलारी के ग्रामीणों के साथ मिलकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का घेराव किया। इस दौरान आधे घंटे तक अधिकारियों से चर्चा के बाद एक सप्ताह के भीतर मांग पूरी करने के आश्वासन पर प्रदर्शन खत्म किया। आरोप है कि 28 अगस्त को एक युवक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। जब उसका प्राथमिक उपचार करने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी ले जाया गया, तो वहां कोई स्टाफ मौजूद नहीं था। जब वहां पदस्थ डॉक्टर को उपचार के लिए बुलाया गया तो उन्होंने मरीज सहित वहां मौजूद अन्य लोगों से अभद्रता की।

**डॉक्टर को हटाने की मांग:** डॉक्टर की अभद्रता के चलते मरीजों को हो रही परेशानियों को देखते हुए जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के बैनर तले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घेराव की योजना बनाई। सबसे पहले पलारी स्थित शिव मंदिर के पास सभा का आयोजन हुआ। जहां छत्तीसगढ़ महतारी की आरती और पूजा अर्चना के साथ आयोजन की शुरुआत हुआ। जिसके बाद जेसीपी, छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घेरने पहुंचे। जहां दुर्व्यवहार करने वाले डॉक्टर को उस अस्पताल से हटाने की मांग की। आरोप है कि ड्यूटी के समय उक्त डॉक्टर अपने निजी क्लिनिक को संचालित करता है जिसे बंद करने की मांग भी की गई। इसके अलावा अस्पताल में पर्याप्त स्टाफ और पर्याप्त दवाई उपलब्ध कराने की मांग भी की गई। जिस पर एक सप्ताह के भीतर बीएमओ और तहसीलदार ने सभी मांग पूरी करने का भरोसा दिलाया। आयोजन में क्रांतिसेना प्रदेश सचिव शशिभूषण चंद्राकर, जिलाध्यक्ष चंद्रभान साहू, धमतरी युवा क्रांति सेना जिलाध्यक्ष डोमेश्वर साहू, दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष जेसीपी मधुकांत साहू, महामंत्री अशोक साहू, क्रांति सेना जिला अध्यक्ष खोमन साहू, उपाध्यक्ष दानी साहू, जेसीपी उपाध्यक्ष अमित सर्वा, खड़ अध्यक्ष सुभाष साहू, जेसीपी खड़ अध्यक्ष खेमलाल साहू, केदार साहू, जेसीपी खड़ अध्यक्ष गंगा निषाद सहित क्रांति सेना पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित ग्रामीण उपस्थित थे।




आदिवासी वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं का होगा सफल क्रियान्वयन

## जिले के 186 गांवों में चलेगा आदि कर्मयोगी अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन

आदि कर्मयोगी अभियान रिस्पोंसिव गवमेंस प्रोग्राम के अन्तर्गत 3 से 5 सितम्बर तक जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम पाकुरभाठ स्थित जिला पंचायत के संसाधन केन्द्र में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला के समापन दिवस पर जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला में गांव स्तर पर जनजातीय विकास के योजनाओं के सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के संबंध में जानकारी दी।

आयोजित कार्यशाला पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विजय सिंग कंवर, जिला नोडल अधिकारी डिलेश्वर वर्मा, जिला मास्टर ट्रेनर्र जागेश्वर सोरी, मिथलेष कुमार, दानेश्वर वर्मा, विवेक धुर्वे सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विजय सिंह कंवर ने सभी प्रतिभागीयों को कार्यशाला के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।



उन्होंने कहा आप सभी का आदिकर्म योगी अभियान के अन्तर्गत जिले के चयनीत सभी 186 गांवों में आदिवासी वर्ग के लोगों के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु महत्वपूर्ण जवाबदारी है। कंवर ने सभी प्रशिक्षणार्थियों एवं ब्लॉक स्तरी मास्टर ट्रेनर्स को आदि कर्मयोगी अभियान के अन्तर्गत गांव स्तर पर कार्य करने वाले लोंगों से समुचित प्रशिक्षण प्रदान कर ग्राम स्तर पर जनजाति वर्ग के लोंगों के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। कार्यशाला में प्रशिक्षकों द्वारा "आदि कर्मयोगी अभियान" के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इसका उद्देश्य जनजातीय अंचलों में सेवा, समर्पण और सुशासन की भावना के साथ शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जिले के चयनित सभी 186 गांव में से 20–20 वालंटिंयर तैयार किया जाएगा। वालंटियर के रूप में गांव क पढ़े–लिखे एवं जानकार लोगों को शामिल करना आवश्यक है। इस दौरान पात्रतानुसार जनजातीय परिवार के लोगों का राशन कार्ड एवं आधार कार्ड बनाने की कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में आदि कर्मयोगी अभियान के सफल संचालन हेतु स्वयं संस्थाओं के प्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, युवा एवं सेवाभावी संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इनके द्वारा जिले के 186 गांवों में आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन तथा ग्राम विकास योजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

## सड़क सुरक्षा व कैरियर निर्माण पर हुआ भव्य आयोजन

**अंडा।** सड़क सुरक्षा अभियान हेलमेट वितरण तथा कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम पाटन सिकोला रोड़ पर स्थित ए.के.गोयल पब्लिक स्कूल में छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ पाटन तहसील द्वारा भव्य आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल (आईपीएस) अध्यक्षता ऋचा मिश्रा (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात दुर्ग) तथा विशिष्ट अतिथि अनुप कुमार लकड़ा (पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पाटन) व अशोक कुमार अग्रवाल (संस्थापक/अध्यक्ष-ए.के.गोयल पब्लिक स्कूल पाटन) रहे । कार्यक्रम में उपस्थित पाटन तहसील के गणमान्य जागरूक



नागरिक छात्र तथा युवाओ को मुख्य अतिथि विजय अग्रवाल द्वारा संबोधित करते हुए कहा की वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने एवं हेलमेट पहनने को आदतन में शामिल करने की अपील किया। सुश्री ऋचा मिश्रा ने यातायात नियमों के पालन और सड़क सुरक्षा के



महत्व पर प्रकाश डाला। अतिथि सम्मान पश्चात मुख्य अतिथि हाथों छात्रों युवाओं आमनागरिकों को हेलमेट वितरित किया और विशेषज्ञों ने कैरियर गाइडेंस संबंधित मार्गदर्शन दिया कि सुरक्षा और भविष्य दोनों सामान रूप से अतिमहत्वपूर्ण है इसलिए सड़क सुरक्षा और कैरियर निर्माण के प्रति जागरूकता अनिवार्य है। कार्यक्रम मे दुर्ग जिलाध्यक्ष ललित साहू सहित जिले के सभी ब्लाक इकाई अध्यक्ष, पदाधिकारियों सहित भिलाई, कुम्हारी दुर्ग ग्रामीण के पत्रकारिता क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकारगण शामिल रहे.इस कार्यक्रम को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ पाटन तहसील के सभी पत्रकारों ने सड़क सुरक्षा अभियान - हेलमेट वितरण और कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम के आयोजन में अहम भूमिका निभाई है।

## पेज 3 के शेष

### राष्ट्र एवं समाज निर्माण ...

कार्यक्रम में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि राष्ट्र व समाज के नव निर्माण में शिक्षकों का योगदान अतुलनीय है। इस अवसर पर उन्हो ने बालोद जिले के शिक्षा व्यवस्था को उत्कृष्ट बनाने तथा जिले में शिक्षा गुणवत्त सुनिशिष्त करने के लिए जिले के शिक्षकों के योगदान की भी सरहना की। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि आज शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित होकर जिले के दो शिक्षकों ने जिले का नाम रोशन किया है। जो कि सम्पूर्ण बालोद जिले के लिऐ गौरव की बात है उन्होंने आज राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित होने वाले स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय घोटिया के व्याख्याता नरोत्तम सिंह यादव एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौण्डीलोहारा की व्याख्याता ऐनुका सार्वा को पुरे जिले वासियों की ओर से हार्दिक बधाई एवं षुभ कामनाएं दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूरे होने पर रजत जयंती वर्ष 2025 के रूप में मनाया जा रहा है।

### भालुकोन्हा स्कूल की ...

कांग्रेस कमेटी महामंत्री मेघनाथ साहू, सरपंच नेतराराम तारम, उप सरपंच रामलाल कुमेटी, लीलाधर तरुण कुमेटी, विश्राम कोसमा, सियाराम दुग्गा, गेंदलाल, दीनू साहू, खम्हन कुमेटी, खेदुलाल, महेंद्र यादव, कमलेश, जागेश्वर कोसमा, बृजलाल कोसमा, घनश्याम सेन सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष बीईओ कार्यालय में आवेदन देने पहुंचे। आवेदन में चेतावनी दी गई कि यदि शिक्षिका पर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो स्कूल में तालाबंदी कर दी जाएगी और अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय नहीं भेजेंगे। ग्रामीणों के दबाव एवं जांच रिपोर्ट के आधार पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डौंडीलोहारा ने 4 सितंबर को तत्काल प्रभाव से शिक्षिका किरण ठाकुर को निलंबित करने का आदेश जारी किया। आदेश में उल्लेख है कि शिक्षिका का आचरण शासकीय सेवा के विपरीत पाया गया तथा इसे गंभीर कदाचार की श्रेणी में रखा गया है। ग्रामवासियों ने बीईओ की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि अब बच्चों को सुरक्षित माहौल में शिक्षा मिल सकेगी। वहीं शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि निलंबन अवधि में शिक्षिका को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। इस प्रकार ग्रामवासियों के सामूहिक विरोध और चेतावनी के बाद आखिरकार विभाग को कार्रवाई करनी पड़ी और विवादित शिक्षिका को निलंबित कर दिया गया।

### छात्रों से पैसे मांगने और ..

था, जिसके कारण विद्यालय में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ था। इस स्थिति ने छात्रों के शिक्षण कार्य और अन्य स्कूल गतिविधियों को बुरी तरह प्रभावित किया, जिससे स्कूल की छवि को भी नुकसान पहुंचा। जांच रिपोर्ट के आधार पर, छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09 (1) (क) के तहत, चंद्रकांत गजेन्द्र को लोकहित में तत्काल निलंबित कर दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### गोंड़ महासभा की मासिक बैठक 7 को

**बालोद।** छत्तीसगढ़ गोण्डवाना गोंड़ महासभा जिला बालोद की मासिक बैठक 7 सितंबर को दोपहर 12 बजे सिवनी स्थित गोण्डवाना भवन में रखी गई, जिसमें विगत बैठक के ऐजेंडे पर पुनः विचार किया जावेगा। बैठक में जिला स्तर के समस्त पदाधिकारी, बालोद, गुरुर, गुण्डरदेही, डौंडी, डौंडीलोहारा, दल्लीराजहरा व अर्जुन्दा तहसील अध्यक्ष व उनके सभी पदाधिकारी, समस्त परिक्षेत्र अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ व अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारी को उपस्थिति के लिए अपील जिलाध्यक्ष तिरुमाल प्रेमलाल कुंजाम ने की है।

### श्री गौरैयां सिद्ध शक्ति पीठ चौरेल की बैठक कल

**लाटबोड़।** नगर में 7 सितम्बर को दोपहर 2 बजे मंदिर ट्रस्ट न्यास श्री गौरैयां सिद्ध शक्ति पीठ चौरेल की आवश्यक बैठक रखा गई है। समिति के अध्यक्ष नितीश मोंटी यादव ने बताया शारदीय नवरात्रि 2025 की तैयारी के अलावा अन्य विषयों पर अध्यक्ष एवं सदस्यों के विचार विमर्श अनुसार चर्चा की जायेगी। उन्होंने सभी सदस्यों के उपस्थिति होने की अपील की है।

### जीएसटी दरों में कटौती का भाजपा मंडल रेंगाड़बरी ने किया स्वागत

**डौंडीलोहारा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किए गए ऐतिहासिक जीएसटी सुधार का भाजपा मंडल रेंगाड़बरी ने स्वागत किया है। मंडल अध्यक्ष उत्तरा घरेन्द्र ने कहा कि आयकर में 12 लाख तक की छूट देने के बाद अब जीएसटी दरों में की गई भारी कटौती आम जनता के लिए बड़ी राहत है। उन्होंने बताया कि कृषक वर्ग के लिए खेती-किसानी के उपकरण, खाने-पीने की चीजें, दवाइयाँ, शिक्षा सामग्री, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अब सस्ते हो गए हैं। टैक्स दर शून्य होने से आम नागरिकों को व्यापक राहत मिलेगी। यह कदम देश की अर्थव्यवस्था को और अधिक सशक्त, समावेशी और आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। भाजपा मंडल रेंगाड़बरी के महामंत्री पूनमचंद जैन, जगतपाल सिन्हा, उपाध्यक्ष घनश्याम गोरे, डोमार साहू, तारा देवी निर्मलकर, कोषाध्यक्ष उत्तरा कुमार पिस्दा, रुपेश कुमार सिन्हा, दारा सिंह भौसारिया, रोहित कुमार धलेन्द्र, बसन्त कुमार जैन, कुशल जुरेशिया, राजेश कुमार पोर्ते, निर्भय भंडारी, खिलावन मण्डावी, सेउक राम सोरी, हेमचन्द धनकर, नोहर सिंह भुआर्य, सन्तोष कुमार साहू, उमेश कुमार मण्डावी, निरंजन कुमार, टोमन टेकाम, प्रीतम देशमुख, बेनु राम, आशा देवी यादव, उषा पिस्दा, बिजय पटेल, कोमल कुमार साहू सहित सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय का स्वागत किया।

### 6 हजार के लिए दंपती की हत्या, 10 साल की कैद

**दुर्ग।** महज 6 हजार रुपए के लिए दंपती को मौत के घाट उतारने वाले को न्यायालय ने 10 साल कैद की सजा सुनाई। न्यायाधीश पीएस मरकाम के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक घटना धमधा थाना अंतर्गत ग्राम भरनी की है। 1 और 2 अप्रैल 2020 को आरोपी ताराचंद उर्फ डाला पुरानिक भरनी निवासी बासदेव साहू के घर पहुंचा। उससे विवाद किया। इसके बाद बासदेव और उसकी पत्नी चैती साहू पर चाकू और लकड़ी के कुटेला से ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतार दिया। चैती बाई की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बासदेव ने 11 अप्रैल को दमतोड़ा। पुलिस ने अशोक बारले की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले में जांच शुरू की।

पर्व

# ईद मिलादुन्नबी पर जामा मस्जिद में हुई परचम कुसाई

**भाईचारगी, एकता, खुशहाली के लिए दुआ मांगी, शहर में निकाला गया जुलूस**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पैगम्बर हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैही वसल्लम के 1500वां साल पैदाइश का जश्न खुशनुमा माहौल में शानो शौकत के साथ मनाया गया। जामा मस्जिद बालोद के पेशईमाम हाफ़िज़ मौलाना शकील चिश्ती ने 9.30 बजे सुबह परचम कुसाई की, तक़रीर कर सलातो सलाम का नज़राना पेश कर फातिहा खानी हुई। फिर जुलूस शहर के जामा मस्जिद से शुरू होकर पुराना बस स्टैंड, सदर रोड, हलधर चौक, मधु चौंक, जय स्तम्भ चौक व मुख्य मार्ग होते हुए वापस जामा मस्जिद पहुंचा। जामा मस्जिद में उन्होंने कहा की हमारे नबी रहमतुल्लिल आलमीन बनकर इस दुनिया में तशरीफ लेकर आये और उन्होंने सारे जहां के लिए इंसानियत और मोहब्बत का पैगाम दिए, हमें चाहिए कि उनके पैगाम को लोगों तक पहुंचाए।

उन्होंने कहा कि हमारा फ़र्ज है कि हम गुलामे मुस्तफ़ा हैं और हमारे व्यवहार से दूसरों को तकलीफ ना पहुंचे, दूसरे के मजहब का ख्याल करें, पड़ोसी से अच्छा सुलूक करें, उन्होंने इस मुबारक मौके पर देश, प्रदेश में अमनों अमन, भाईचारगी, एकता, खुशहाली के लिए दुआ मांगी। जुलूसे मोहम्मदी में बच्चे से लेकर बूढ़े नौजवान सभी शामिल हुए और हुजूर की शान में नातो पेश करतें हुए जुलुसे मोहम्मदी में आदिल हामिद सिद्दीकी, आरिफ सिद्दीक़ी, मोहसीन कुरैशी, तारिक सिद्दीकी, मोहम्मद वकार कुरैशी, अशफ़ाक़ तिगाला, शारीक शेख सलमान तिगाला, अरशद तिगाला, अकबर तिगाला, सैय्यदमुजीब शेख गुलाम, समीर खान, शादाब खान, असीम चौहान, आबिद खान, सैफ अली, अरशद जीमल, खान निजाम कुरैशी, नात ख़्वा ने मदीने वाले हमारे आका जनाबे मोहम्मद रसुल्लुल्लाह पर नात व मनकबत बेहतरीन आवाज़ो अंदाज में पेश किए। जुलूस के बाद आम लंगर का प्रोग्राम किया गया। इंतजामियां कमिटी के मुतवल्ली शाहिद खान ने ईद मिलादउन नबी की बधाई देतें हुए कहा की हमारे हुजूर ने अमन शांति का पैगाम दिया हैं, उन्होंने प्रदेशवासियों से भाईचारे और शांति बनाये रखने की बात कही व प्रशासन का सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इन सभी कार्यक्रम में इंतजामिया कमेटी जामा मस्जिद बालोद, रजा यंग कमेटी, तहफ़फूज़ नामुसे रिसालत कमेटी के सदस्य व सभी मुस्लिम भाइयो ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

> ■ हमारे व्यवहार से दूसरों को तकलीफ ना पहुंचे, दूसरे के मजहब का ख्याल करें, पड़ोसी से अच्छा सुलूक करें

## विधायक संगीता ने किया आंबा भवन का लोकार्पण



**गुरूर।** संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के विधायक संगीता सिन्हा अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत धनोरा बटालियन में नवीन आंगनबाड़ी भवन के लोकार्पण में मुख्यातिथि के रूप मे शामिल हुईं। इस अवसर पर विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि आप ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उसकी मैं हमेशा ऋणी रहूंगी। क्षेत्र के विकास एवं आपके सुख दुख में हमेशा आप लोग के साथ खड़ी रहूंगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर तामेश्वर साहू, उपाध्यक्ष दुर्गुराम सिन्हा, ब्लॉक अध्यक्ष ब्लॉक युवा कांग्रेस मोनू ठाकुर, सरपंच सुमन साहू, गुरुर युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष हिमांशु दीवान, एनएसयू ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक साहू, बूथ अध्यक्ष दाऊलाल गंजीर, मीडिया प्रभारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर शिवम कुरैटी सहित बूथ के कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## हायर सेकंडरी की छात्राओं को साइकिल वितरित



**कुसुमकसा।** उच्चत्तर माधमिक विद्यालय गुजरा में सरस्वती सायकिल योजना के तहत 19 छात्राओं को हितेश साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति के मुख्य अतिथि में सायकिल वितरण की गई। हितेश साहू ने कहा की छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छात्राओं को शाला आने जाने में हो रही परेशानी को देखते हुए कक्षा नवमीं के छात्राओं को सायकिल दी जा रही है, जिससे उन्हें शाला आने जाने में सुविधा होगी। इस दरम्यान शाला के प्राचार्य, शिक्षकगण उपस्थित थे।

## गायत्री मंदिर के गर्भगृह में स्थापित की गई अखंड ज्योत




**बालोद।** दिसंबर में होने वाले 108 गायत्री महायज्ञ में युग निर्माण गायत्री परिवार के संस्थापक श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा स्थापित कलश सूक्ष्म रूप में विद्यमान है कि प्रतिरूप शक्ति कलश को बालोद लाया गया।

जहां गायत्री मंदिर में प्रयोग गीत के साथ मंत्रोच्चारण से पूजा गायत्री परिवार के सदस्यों ने किया। मंदिर के गर्भगृह के पास अखंड ज्योति स्थापित की गई, जो 15 सितंबर से जिला के गांवों में भ्रमण कर 108 यज्ञ के लिए निमंत्रण प्रचार प्रसार और विभिन्न संस्कार कराने के लिए भ्रमण करेंगे। हरिद्वार से ज्योति कलश लाने के बाद ही सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया जाता है, ऐसा माना गया है कि इस शक्ति कलश की स्थापना से ही सफलता पूर्वक सम्पन्न होता है। मंदिर में उपस्थित जन समूह को जिला समन्वयक डीके कलिहारी ने कहा कि अब सभी परिजन शहर से लेकर प्रत्येक गांव में प्रचार प्रसार में निष्ठा से कार्य करना प्रारंभ कर दे, 14 सितम्बर को जिला स्तरीय बैठक है, जिसमें शक्ति कलश को गांवों और वार्डो भ्रमण के लिए रूट चार्ट तय करने और सभी व्यवस्था को चाक चौबंद करने की योजना बनाई जाएगी, इस बैठक में जिला पदाधिकारी और गायत्री परिवार उपस्थित रहेंगे।

## प्राथमिक स्कूल रेगाकंठेरा में शिक्षकों की मनमानी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

सरकार एक तरफ शिक्षा में सुधार के लिए कई प्रयास कर रही है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का ढोल पीटा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर उनके ही विभाग के शिक्षक सरकार के नियम की धज्जिया उड़ा रहे हैं, शिक्षक समय से पूर्व स्कूल बंद कर घर चले जाते हैं। इसका खामियाजा बच्चों के भविष्य पर पड़ रहा है। गुरुवार को गुण्डरदेही से लगा प्राथमिक शाला स्कूल रेगाकंठेरा में शिक्षकों की लापरवाही देखने को मिली है। यहां पदस्थ दो शिक्षिका ने 3.45 बजे बच्चों की छुट्टी कर दी। स्कूल में पदस्थ प्रधान पाठिका को पुछने पर मौसम का बहाना बताकर छुट्टी करने की बात कही जबकि मौसम साफ था। मगर हकीकत यह है कि शिक्षक दुर्ग भिलाई से आना जाना करते हैं और जल्दी घर जाने के लिए समय से पहले बच्चों की छुट्टी कर देते हैं। ऐसे शिक्षकों को बच्चों की पढ़ाई से कोई चिंता नहीं है, यही हाल रोज का है। इसका असर बच्चों की पढ़ाई पर हो रहा है। इसी कारण प्राथमिक स्कूल के बच्चे पढ़ाई में लगातार कमजोर हो रहे हैं। ऐसे लापरवाह शिक्षकों के कारण ही शिक्षा का स्तर लगातार गिरते जा रहा है। ऐसे शिक्षक पर शासन प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। सरकार बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए गांव–गांव में सरकारी स्कूल खोले गए हैं ताकि बच्चे अच्छे शिक्षा ग्रहण कर आगे बढ़ सके। वहीं सरकारी स्कूल के शिक्षक अपने बच्चों को सरकारी स्कूल न भेजकर बड़े प्राइवेट स्कूल में पढ़ाया जाता है, ताकि उनके बच्चे को अच्छी शिक्षा मिल सके। ब्लाक शिक्षा अधिकारी को चाहिए की वो स्कूल का निरीक्षण कर लापरवाह शिक्षको के खिलाफ कार्रवाई करे। यही हाल ब्लाक के अधिकतर प्राथमिक शाला स्कूल का देखा जा सकता है। शिक्षकों का स्कूल आने जाने का समय निर्धारित नहीं है।

> ■ समय पूर्व बच्चों को दी जा रही छुट्टी, बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

**बीईओ से पूछा जायेगा**

बीईओ को पुछना पड़ेगा कि समय से पहले स्कूल क्यो बंद हो रहे हैं।

- **योगराज साहू**, जिला शिक्षा अधिकारी, बालोद

## उत्कृष्ट विद्यालय चयन होने पर रानीतराई में हर्ष



**डौंडीलोहारा।** जिले के विकासखंड डौंडी लोहारा के प्राथमिक शाला रानीतराई (कि) को उत्कृष्ट विद्यालय के चयन के साथ पुरस्कृत किए जाने पर ग्राम रानीतराई में हर्ष का माहौल है। प्रधानपाठक निर्मल दुबे ने जिले के शिक्षक दिवस कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा यह प्रमाण पत्र प्रधानसेवक राकेश यादव के हाथों प्रदान किया। उत्कृष्ट विद्यालय चयन होने पर स्कूल के पालकों में खुशी है। एक वर्ष पूर्व शिक्षक, पालक एवं ग्रामीणों ने मिलकर भौतिक संसाधनों को आपस में चंदा इकट्ठा कर शाला विकास किया। स्कूल में कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रोजेक्टर, स्मार्ट टीवी, म्यूजिक सिस्टम, बागवानी, प्रवेश द्वार निर्माण, शेड निर्माण, प्रिंट रीच निर्माण, सरस्वती माता मंदिर का निर्माण जैसे उल्लेखनीय कार्य किए।

## सेवानिवृत शिक्षक को स्कूल परिवार ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा




दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला लमती में समस्त पालक शिक्षक एवं बच्चों द्वारा कन्हैया लाल बारले शिक्षक को ससम्मान विदाई दी गई।

संस्था में पदस्थ संध्या पिस्दा शिक्षिका, प्रियंका लोहरे प्रभारी प्रधानपाठिका, शेख अनजान, चूड़ामणि ठाकुर,भगवती प्रसाद आमदो प्रधानपाठक द्वारा कन्हैया लाल बारले के साथ बिताये हुए स्वर्णिम पलों एवं खट्टी मीठी यादों का बखान करते हुए उन्हें सहज सरल हृदय के धनी मिलनसार मृदुभाषी एवं आदर्श शिक्षक होने के साथ साथ एक अच्छे साहित्यकार बताया गया। ग्रामीणों द्वारा कन्हैया लाल बारले की कविताओं एवं लेखों को याद कर अपने गांव से एक अच्छे शिक्षक एवं साहित्यकार से दूर होने का खेद जताया गया। विदाई समारोह में बारलेजी को प्रतीक चिन्ह भेंटकर, शाल, श्रीफल, कपड़े, डायरी,पेन एवं पुष्प गुच्छ देकर विदाई दी गई। बारले सर द्वारा बच्चों के पानी पीने के लिए दोनो शाला के बच्चों को दो वाटर केन एवं ग्राम के नवयुवकों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने हेतु एक पीपल का पौधा भेंट किया।

### पेंशनर समाज ने किया सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान

**डौंडीलोहारा।** छ.ग.पेंशनर्स समाज की बैठक में शिक्षक दिवस पर सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया गया एवं माह सितंबर में जन्म दिवस वाले पेंशननर्स नौशादराम गंगबोईर, नेतराम पटेल एवं ख़िलेश्वरी साहू का भी सम्मान किया गया। बैठक में सितंबर में होने वाले विभिन्न पर्व के संबंध में भी वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये, जिसमें भोमन सिंह ठाकुर एवं नौषाद राम गंगबोईर द्वारा शिक्षक दिवस के संबंध में विचार रखे। बैठक में डीआर केकती, रामदुलारे कुंभकार, सनतकुमार भुआर्य मोहनलाल यदु उपाध्यक्ष रश्मी केराम, हेमिन अठभईया, गोटे, तहसील पाटन से नारायणसिंह चंद्राकार सहित 90 पेंशनर्स उपस्थित रहे।

## शैलदेवी कॉलेज में हुआ तीज मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा




शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में तीज मिलन समारोह हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति एवं लोक परंपराओं के संरक्षण के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर महाविद्यालय के आसपास के ग्रामों की सभी महिला सरपंचो को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया, जिसमें क्रमश गीता गजपाल ग्राम कुथरेल, दुर्गा चौधरी ग्राम आमटी, नेमिन खुटेल ग्राम भोथली, सुधा चंद्राकर ग्राम खप्परवाड़ा, भारती देवांगन ग्राम सिर्री, पूजा चंद्राकर ग्राम चिरपोटी, नमिता साहू ग्राम खुटेरी, गीता कमलेश ठाकुर जंजगिरी, दमयन्तिन मार्कण्डेय ग्राम कचान्दूर, रंजना पवार ग्राम भरदाखुर्द, झन्ना दिल्लीवार ग्राम अछोटी विशेष रूप से उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को भव्य बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिव–पार्वती पूजन एवं मंगल गीतों के साथ हुआ। महिला सरपंचों ने तीज पर्व से जुड़े अपने अनुभव साझा किए और समाज में महिला नेतृत्व की महत्ता पर प्रकाश डाला। शैलदेवी महाविद्यालय एवं शैलदेवी आईटीआई की सभी शिक्षिकाओं, महिला कर्मचरियों एवं छात्राओं ने पारंपरिक लोकगीत, नृत्य और खेल प्रतियोगिताओं की प्रस्तुतियों से वातावरण को उल्लासमय बना दिया।

## विधायक संगीता ने सीसी रोड निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



ग्राम पंचायत उसरवारा में सीसी रोड निर्माण कार्य सीमेंटीकरण लागत 10 लाख एवं ग्राम पंचायत चितौद टीनाशेड निर्माण कार्य 10 लाख का भूमि पूजन संजारी बालोद की विधायक संगीता सिन्हा ने किया। इसमें अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर तामेश्वर साहू, उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर दुर्गुराम सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस गुरुर जितेंद्र यादव, महामंत्री सादिक अली, विधायक प्रतिनिधि सरपंच डाडेसरा टोमन साहू, सरपंच बालोद गहन भगवान दास, ब्लॉक अध्यक्ष युवा कॉंग्रेस गुरूर मोनू ठाकुर, सरपंच उसरवारा दीनदयाल धुरव, सरपंच चिटौद तीरथ राम यादव एवं उपसरपंच, पंचगण, उसरवारा और चिटौद की सहभागिता रही। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि गांव में विकास कार्य करना जैसे सीसी रोड निर्माण, शेड निर्माण एवं भवनों का निर्माण करना हमारा प्रमुख लक्ष्य है, जिससे ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिल सके और उनके कार्यक्रम सरलता पूर्वक संपन्न हो सके। गांव में विकास कार्य को होते देख ग्रामीण संतुष्ट नजर आए और विधायक को धन्यवाद ज्ञापित किये। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष हेमप्रकाश साहू, सेक्टर अध्यक्ष रामस्वरूप साहू, सेक्टर अध्यक्ष कौशल साहू, दशरथ निर्मलकर, पुनारद निर्मलकर, केशव पटेल राम रतन जोगी व अन्य ग्रामीण जन एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्तागण उपस्थित हुए।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चेहरे की चर्बी घटायें

चेहरे की झुर्रियां व चर्बी का लेजर द्वारा ईलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

SAVE UN-LIMITED
UP TO 50 % LESS
सूटिंग्स, शर्टिंग्स, साड़ियाँ, मैचिंग्स, ड्रेस मटेरियल्स, सलवार सूट्स, बेड शीट्स, टॉवेल, नेपकीन
महेन्द्र कम्पनी
मोदी सन्स
मालवीय रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 4049406/7/8

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 9,100/-
स्पेशल ट्रेन
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411